भारतगान

प्रश्न- उत्तर

प्रश्न-1 भारत को धरती का स्वर्ग क्यों कहा गया है?

उत्तर- भारत की भौगोलिक स्थिति, सांस्कृतिक विरासत, ऋतु चक्र, रीति रिवाज़ आदि अन्य देशों से इसे अलग करते हैं। यहां के प्राकृतिक दृश्य सहज ही मन को मोह लेते हैं। अनेकता में एकता का उत्तम उदाहरण यहां ही देखने को मिलता है। इसी आधार पर भारत को धरती का स्वर्ग कहा गया है।

प्रश्न-2 हमें किनका ऋणी होना चाहिए और क्यों?

उत्तर- हमें उन सभी का ऋणी होना चाहिए जिन्होंने भारत को विकसित किया है और भारत को समृद्ध बनाने में अपना सब कुछ बलिदान कर दिया है जैसे- राजनीतिज्ञ, सैनिक, समाज सुधारक आदि। इन सब की वजह से ही आज हम सुखी और सुरक्षित जीवन जी पा रहे हैं। ये हमारे देश के गौरव हैं।

प्रश्न-3 जल, जीव और जीवन संभावना शशि पर- भावार्थ स्पष्ट कीजिए।

उत्तर-इस पंक्ति में कवि ने चंद्रयान के माध्यम से भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों की ओर संकेत किया है। वह कहना चाहते हैं कि वह दिन दूर नहीं जब हमारे वैज्ञानिक मेहनत और लगन से चंद्रमा पर जल खोज कर जीवन से भरी बस्तियां बनाने में सफल होंगे।

प्रश्न-4 कल्पना और सुनीता कौन है?

उत्तर- कल्पना चावला करनाल की रहने वाली थी। नासा की ओर से अंतरिक्ष में जाने वाली वह प्रथम भारतीय महिला थी ।दुर्भाग्यवश दूसरी अंतरिक्ष यात्रा के दौरान उनका यान क्षतिग्रस्त होने से उनकी मृत्यु हो गई। इसी तरह सुनीता विलियम्स नासा की ओर से अंतरिक्ष से जाने वाली भारतीय मूल की महिला अंतरिक्ष यात्री हैं। सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में सबसे ज़्यादा चहल कदमी करने वाली महिला अंतरिक्ष यात्री हैं।

****